कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री हनुमान मीना पुत्र श्री रेवडमल मीना ग्राम पोस्ट सिकन्दरा, तहसील सिकराय जिला दौसा।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सिकराय व अन्य, जिला दौसा।

अपील सं0 08/2021

निर्णय दिनांक : 26.02.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सिकराय, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सिकराय एवं उपतहसीलदार सिकन्दरा, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपतहसीलदार सिकन्दरा, जिला दौसा से संबंधित है। आवेदक द्वारा इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत करने पर लोक सूचना अधिकारी, उपतहसीलदार सिकन्दरा, जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्रांकःडीएम/कोर्ट/2021/202–203 दिनांक 29.01.2021 एवं स्मरण पत्रांकः डीएम/कोर्ट/2021/343–344 दिनांक 18.2.2021 द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट मय टिप्पणी चाही गई। किंतु लोक सूचना अधिकारी, उपतहसीलदार सिकन्दरा से प्राप्त पत्रांक 98 दिनांक 15.02.2021 द्वारा अवगत करवाया कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना दिनांक 29.05.2017 की पालना मे गठित राजस्व टीम ग्राम सिकन्दरा के किये गये सीमाज्ञान का मौका पर्चा सहित संपूर्ण पत्रावली की प्रति है जिसे गठित टीम द्वारा कार्यालय मे जमा नहीं करवाया है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना/नकल उपलब्ध नहीं करवाई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी, उपतहसीलदार सिकन्दरा, जिला दौसा को निर्देश दिये जाते है कि अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल गठित टीम से प्राप्त कर आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावें। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर, दौसा